TUE,08 APRIL 2025
EDITION: GURGAON, PAGE NO. 3

## ईएसआईसी में संगठन व पद्धति की बैठक आयोजित

# धारूहेड़ा, डुंडाहेड़ा व सिविल लाइन्स कार्यालय होगा दुरूस्त

■ **कामकाज में तेजी लाने व समस्या के समाधान को लेकर की गई चर्चा**

गुडगांव, 7 अप्रैल (ब्यूरो): ईएसआईसी के उप क्षेत्रीय कार्यालय व इसके क्षेत्राधिकार में आने वाले सभी शाखा कार्यालयों के सुचारू रूप से संचालन व प्रबंधन के लिए कार्यालय प्रमुख सुनील यादव-संयुक्त निदेशक की अध्यक्षता में संगठन एवं पद्धति की बैठक की गई।

इस बैठक का मुख्य उद्देश्य कार्यालयी कामकाज में तेजी लाने एवं मानेसर, धारूहेड़ा, डुंडाहेड़ा तथा सिविल लाइन्स गुरुग्राम के शाखा कार्यालयों की समस्याओं का निवारण करना था। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सुनील यादव ने



*बैठक की अध्यक्षता करते कार्यालय प्रमुख व अधिकारी।*

कार्यसूची अनुसार चर्चा करते हुए उपस्थित अधिकारियों एवं शाखा कार्यालय प्रबंधकों को निर्देश दिए कि ईएसआईसी योजनाओं व नीतियों को मद्देनजर रखते हुए हमारा प्रथम एवं प्रमुख उद्देश्य हमारे बीमाकृत व्यक्तियों को प्राथमिकता के आधार पर सुविधाएँ एवं सेवाएं प्रदान करना है। उन्होंने हितलाभ शाखा के अधिकारी को निर्देश दिए कि बीमाकृत व्यक्तियों से संबंधित शिकायतों का निपटान त्वरित व सकारात्मक कार्रवाई करते हुए किया जाए व नियमानुसार निर्धारित समयावधि में उन्हें सभी प्रकार के हितलाभ प्रदान कराएं जाए। साथ ही कार्यालय अध्यक्ष ने ऑडिट पैरा, स्पॉट वेरिफिकेशन मामले, बीमाकृत व्यक्तियों की आधार सीडिंग व नियोक्ताओं के सर्वे कार्य में तेजी लाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा ईएसआईसी एक स्वपोषित संस्था है। अत: हमें राजस्व एवं रिकवरी की लक्ष्य प्राप्ति हेतु निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए ताकि हम अपने बीमाकृत व्यक्तियों एवं उनके आश्रितजनों को समय पर हितलाभ प्रदान कर सकें।

महर्षि मारकंडेश्व
किए ट्राईसाइ

